卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 318 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦30 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बनभूलपुरा में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण का सर्वे शुरू



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बनभूलपुरा में रेलवे अतिक्रमण की जमीन पर एक बार फिर से सर्वे का काम शुरू हो गया है। रेलवे की टीम और जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई 6 अन्य विभागों की टीम ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण वाले क्षेत्र में पहुंचकर दस्तावेजों को लेकर सर्वे किया।इस दौरान रेलवे और स्थानीय पुलिस भी भारी संख्या में मौजूद रही। सर्वे के दौरान स्थानीय लोगों के अंदर काफी चर्चाएं भी हो रही थी। इस दौरान एसडीएम परितोष वर्मा,सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई,तहसीलदार सचिन कुमार समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के क्रम में रेलवे द्वारा 30 हैकटेयर अतिक्रमण वाली जगह पर सर्वे का काम किया जा रहा है जो अभी कई दिनों तक चलेगा। रेलवे की टीम के साथ यह सर्वे किया जा रहा है जिसकी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में सबमिट की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में इस पूरे मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी उससे पहले यह सर्वे का काम पूरा कर लिया जाएगा। वही स्थानीय लोगों का कहना है रेलवे अपनी पटरी से काफी दूर सर्वे कर रहा है जबकि उसके पिलर पटरी से 50 मीटर की दूरी पर लगे हैं। ऐसे में वह लोग इस मामले में कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे।

## फर्जी रजिस्ट्री घोटाले में ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश के सबसे बड़े 'फर्जी रजिस्ट्री घोटाला' मामले में शुक्रवार को पांच राज्यों में ईडी की कार्रवाई हुयी है। ईडी ने सभी जगह एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाया। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी की ओर से उत्तराखण्ड सहित दिल्ली, उत्तर प्रदेश, असम, पंजाब के लुधियाना सहित अन्य लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। उत्तराखण्ड में देहरादून और ऋषिकेश के विभिन्न ठिकानों पर ईडी की छापेमारी हुयी है। बताया जाता है कि यह कार्रवाई कई भू माफिया, रजिस्ट्री कार्यालय में कार्यरत सरकारी कर्मचारी -अधिकारी, सरकारी वकील सहित कुछ बिल्डर की लोकेशन पर चल रही है। बता दें कि जुलाई 2022 में देहरादून फर्जी रजिस्ट्री घोटाला सामने आया था। इस मामले में पुलिस 18 मुकदमे दर्ज कर चुकी है। वहीं, 20 से ज्यादा आरोपी जेल में बंद हैं। वहीं, दो बड़े अधिवक्ता भी इस मामले में आरोपी हैं। इसके अलावा भूमाफिया जितेंद्र खरबंदा व अजय पुंडीर को भी ईडी पूछताछ के लिए हिरासत में ले चुकी है। दोनों भूमाफिया पर बिल्डरों से करोड़ो रूपये की धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज हैं। आरोपितों ने शैल कंपनी बनाकर धोखाधड़ी की कार्रवाई को अंजाम दिया। इस मामले में दोनों आरोपितों के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं।

## लाखों की स्मैक के साथ तस्कर पुलिस गिरफ्त में

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस एएनटीएफ व ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान कृष्णा कालोनी में एक नशा तस्कर को लाखों रूपये कीमत की अवैध स्मैक सहित गिरप्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी एएनटीएफ उप निरीक्षक कौशल भाकुनी साथी पुलिस कर्मियों उप निरीक्षक गणेश पाण्डे, एएनटीएफ के कांस्टेबल संतोष रावत, विनोद खत्री, ट्रांजिट कैम्प थाने के कांस्टेबल कल्याण सिंह, कमल जोशी के साथ गश्त करते कृष्णा कालोनी पहुंचे तो गली में एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता आकाश पाल उर्फ कलुवा उर्फ दुर्लभ पुत्र छत्रपाल सिंह मूल निवासी ग्राम मालन खेड़ा थाना कैमरी तहसील बिलासपुर जिला रामपुर हाल निवासी वार्ड 10 कृष्णा कॉलोनी, ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से पन्नियों में स्मैक बरामद हुई। उसने बताया कि यह स्मैक वह ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति से खरीदकर लाया है। इलैक्टॉनिक तराजू से (शेष पृष्ठ सात पर)

## कल्याणी नदी में डूबे जगदीश का बीस घंटे बाद शव बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं मौहल्ला जगतपुरा वार्ड 39 में कल्याणी नदी के पुल से गिरे व्यक्ति का शव आज



प्रात: लोगों ने काफी प्रयासों के बाद मौहल्ला रविन्द्र नगर में छठ घाट के पास कीचड़ में फंसे खोज निकाला। शव



मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां से पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। गौरतलब हो कि जगतपुरा निवासी 50 वर्षीय जगदीश पुत्र नन्नू लाल पिछले काफी वर्षों से पौध लगे गमले बेचकर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि गत सायं करीब 3 बजे वह संदिग्ध परिस्थितियों में जगतपुरा में कल्याणी नदी के पुल से नीचे गिर गया और नदी में डूब गया। शोर की आवाज सुनकर वहां कई लोग आ पहुंचे। मामले की सूचना पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

### पीड़ित परिवार की मदद को बढ़ाये हाथ

रूद्रपुर। कल्याणी नदी डूबने से जगदीश की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक परिवार का इकलौता कमाने वाला था, पूरा परिवार उसी पर आश्रित था। मृतक की तीन बेटियां और एक बेटा है। दो पुत्रियों चंचल व ज्योति की शादी हो चुकी है। जबकि पुत्र रवि व पुत्री दुर्गा अविवाहित हैं। जगदीश की मौत के बाद परिवार पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। गरीब परिवार की मदद के लिए कई लोगों (शेष पृष्ठ सात पर)

## केवीआर हॉस्पिटल में घुटना प्रत्यारोपण के लिए रोबोटिक सिस्टम शुरू

### अंतर्राष्ट्रीय मानक के इंप्लांट से मरीजों को जल्दी मिलेगा आराम

काशीपुर(उद संवाददाता)। केवीआर हॉस्पिटल के हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. तरुण सोलंकी ने उत्तराखंड का पहला रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण का सेटअप काशीपुर में स्थापित किया है, जो कि अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस तरह के रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण के सेटअप अभी देश मे बहुत कम जगह ही उपलब्ध हैं। जानकारी देते हुए डॉक्टर तरुण सोलंकी ने बताया कि यह एक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस रोबोट है जिससे घुटना प्रत्यारोपण करवाने वाले



मरीज को कम दर्द और छोटे चीर से ऑपरेशन के बाद हॉस्पिटल से जल्दी छुट्टी मिल जाती है। रोबोटिक सर्जरी से बेहतर और सटीक इम्प्लांट फिटिंग, कम रक्तस्राव, कम संक्रमण का खतरा, प्राकृतिक घुटनों का एहसास, इम्प्लांट की बेहतर और लम्बी आयु, अंतराष्ट्रीय मानक के इम्प्लांट जैसे फायदे होंगे। उन्होंने बताया कि रोबोटिक सर्जरी से पेशेंट की रिकवरी बहुत तेजी से होगी एवं घुटना बदलवाने के बाद मरीज बहुत ही जल्द सामान्य जीवन व्यतीत कर सकेगा। केवीआर हॉस्पिटल में रोबोटिक सेटअप का अनावरण होटल मैनर में मुख्य अतिथि ओलंपिक विजेता लक्ष्य सैन ने किया गया। इस दौरान पशुपति ग्रुप के डायरेक्टर(शेष पृष्ठ सात पर)

## साईबर ठगों ने युवक से की लाखों की ठगी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। साइबर ठगों ने युवक से लाखों रूपए हड़प लिए। पीडित्रत ने साइबर ब्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराते हुए साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रकम वापस लौटाने की गुहार लगाई है। हल्द्वानी निवासी कमल गोयल ने अपनी तहरीर में बताया कि 15 मई 2024 को उन्हें एक टेलीग्राम चैनल पर अमेजन प्राइमरी कमीशन ग्रुप से जोड़ा गया। ग्रुप में अमेजन प्रोडक्ट्स को लाइक करने पर कमीशन का प्रलोभन दिया गया। इसके बाद, उन्हें 19 मई 2024 को ऑनलाइन डॉट कॉम पर कार्य करने के लिए कहा गया, जिसमें उन्हें कई बार भुगतान करने को कहा गया। प्रारंभ में 3,000 रुपये, फिर 5,000 रुपये और इसके बाद अन्य बड़ी रकम यू.पी.आई. आई.डी के माध्यम से ट्रांसफर करने के निर्देश मिले। 20 मई 2024 को, गोयल को और भी बड़े भुगतान की मांग की गई, जिसमें कुल 3,46,000 रुपये, 1,54,000 रुपये, 5,26,000 रुपये और 4,80,000 रुपये की रकम अलग-अलग खातों में जमा करने के लिए कहा गया। सभी ट्रांजेक्शन गोयल ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## रिश्तेदारी में आई युवती घर से गांव जाते समय हुई लापता

रूद्रपुर । विगत दिवस ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में रिश्तेदारी में आई युवती घर से गांव जाने के लिए निकलने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। इसके बाद से न तो वह गांव पहुंची और न ही घर वापस लौट कर आई। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब युवती का कहीं कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने उसकी जानकारी पुलिस को दी। साथ ही परिजनों ने एक युवक पर उनकी भतीजी को बहला फुसलाकर अगवा कर ले जाने का संदेह भी व्यक्त किया है। परिजनों ने बताया कि वह मूल रूप से फतेहगंज, बरेली के निवासी है। उनकी 23 वर्षीय भतीजी कुछ दिन के लिये यहां उनके घर में आयी थी। 28 अगस्त की दोपहर 3 बजे भतीजी तीन पानी डाम फुलसुंगा से ई-रिक्शा में बैठी और बोली कि वह अपने गांव जा रही है। परन्तु वह न तो गांव पहुंची और न ही यहां वापस आयी। एल भतीजी की सभी सम्भावित जगह व रिश्तेदारी में खोजबीन कर ली है। लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल रहा है। भतीजी का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। परिजनों ने एक युवक पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि भतीजी को वह बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उसका मोबाईल नम्बर भी बंद आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## कम्पनियों के कूकर और क्राकरी पर 50 प्रतिशत की भारी छूट

### गोल्डन एजेन्सी के नये पते पर बम्पर धमाका सेल 1से 15 सितम्बर तक

रूद्रपुर। ऊधमसिंहनगर में बर्तनों एवं क्राकरी सामान का प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान गोल्डन एजेन्सी में एक बार फिर से ग्राहकों के लिए भारी छूट धमाका प्रारम्भ किया जा रहा है। जो आगामी 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक जारी रहेगा। जहां आप कम्पनियों का माल कम्पनियों से भी कम रेटों पर पा सकेंगे। बर्तनों एवं क्राकरी के सामानों की सबसे पुरानी दुकान जो वर्ष 1975 से अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रही है अब अपने नये पते नैनीताल रोड़ पर सिद्धू पैलेस वाली गली आवास विकास में तीन मंजिला शो रूम में पहुंच





गई है। इस उपलक्ष्य में आगामी 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक ग्राहक बम्पर छूट का लाभ उठा सकेंगे। गोल्डन एजेन्सी के स्वामी किशोर अरोरा ने बताया कि इस बम्पर धमाका सेल में ग्राहकों को हर कम्पनी का माल कम्पनी के मूल्यों से भी कम दामों पर उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि आगामी 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक (शेष पृष्ठ सात पर)

# वो नंदी बैल बन गए हैं,जो किसी काम का नहीं!

## पूर्व सीएम हरदा के उज्याड़ू और महापापी बल्द कहने पर सुबोध उनियाल ने एक बार फिर किया पलटवार

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में सरकार गिराने की साजिश



को लेकर मचे घमसान के बीच पूर्व सीएम हरीश रावत और भाजपा के नेताओं में जबरदस्त जुबानी हमले शुरू हो गये है। पूर्व मुख्यमंत्री ने गैरसैण को राजधानी बनाने से वंचित करने को लेकर तत्कालीन सरकार में कांग्रेस के बागी नेताओ को जिम्मेदार बताया था। वहीं अब उत्तराखंड में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बयान पर मौजूदा कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस से बगावत कर भाजपा में शामिल हुए सुबोध उनियाल ने एक बार फिर पलटवार किया है। हरीश रावत के उजाड़ू बल्द और महापापी बल्द के बयान के बाद सुबोध उनियाल ने कहा हरीश रावत पर बढ़ती उम्र का दुष्प्रभाव दिखाई दें रहा हैं वो नंदी बैल बन गए हैं जों किसी काम का नहीं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में सुबोध उनियाल ने कह रहे हैं कि हरीश रावत तो नंदी बैल की तरह है जो किसी काम का नहीं होता है। आगे वह कह रहे है कि हरीश रावत ने इस जन्म में तो कई पाप किये अब अगला जनम सुधारे का काम करें। वह सन्यास लेकर कहीं आश्रम जायें और जीवन गुजारें।

# कल चंपावत दौरे पर रहेंगे सीएम धामी

चंपावत। आगामी 31 अगस्त शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चंपावत दौरे पर रहेंगे। गोरल चौड़ में आयोजित एक दिवसीय प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर ली है। जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अधिकारियों को दायित्व सौंपे।जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने बताया कि प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री 31 अगस्त को दोपहर में चंपावत मुख्यालय स्थित गोरल चौड़ मैदान में पहुंचेंगे, जहां वह मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जनता से संवाद करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री का वन पंचायत सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ भी संवाद कार्यक्रम प्रस्तावित है।बैठक में मुख्यमंत्री के भ्रमण के दौरान विभिन्न तैयारी बेरिकेटिंग व्यवस्था, संपूर्ण कार्यक्रम स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, एंबुलेंस, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करते हुए अधिकारियों को सभी तैयारियों समय पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने लोक निर्माण विभाग को गोरल चौड़ मैदान में हेलीकॉप्टर लैंडिंग के लिए मानकानुसार आवश्यक तैयारी, बैरिकेडिंग की व्यवस्था समय पर पूरा करने के लिए निर्देशित किया। डीएम नवनीत पांडे ने ग्रामीण निर्माण विभाग को कैंप कार्यालय एवं वन पंचायत सभागार में बैठने व आवश्यक व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पुलिस विभाग को यातायात व सुरक्षा व्यवस्था, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चंपावत को सफाई व्यवस्था तथा जल संस्थान को पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

# जांच में मिला तीसरा बच्चा ग्राम प्रधान को पद से हटाया

हरिद्वार। हरिद्वार में जांच में तीसरा बच्चा मिलने पर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को हटाने के आदेश दे दिए हैं। मामला बहादराबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगला खुर्द का है। ग्राम पंचायत के अलीजान ने इस मामले में ग्राम प्रधान रेशमा के खिलाफ जांच की मांग की थी। डीएम ने तहसीलदार हरिद्वार व खंड विकास अधिकारी बहादराबाद से जांच कराई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर उप जिलाधिकारी हरिद्वार ने ग्राम प्रधान को अयोग्य घोषित कर दिया था। प्रधान ने इसे आदेश विरुद्ध मुख्य विकास अधिकारी से अपील की थी। जिस पर फिर जांच हुई। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास की जांच के बाद ग्राम प्रधान को एक हफ्ते में कारण बताओ नोटिस दिया गया पर जवाब नहीं मिला। अब डीएम की ओर से ग्राम प्रधान को पद से हटाने के आदेश दिए गए हैं।

# डीएम ने घोषित किये तीन स्थानीय अवकाश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शासन द्वारा घोषित सार्वजनिक अवकाश के अतिरिक्त वर्ष-2024 हेतु कोषागार, उप कोषागार एवं बैंक को छोड़कर तीन स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उन्होने 24 सितम्बर मंगलवार को अष्टमी श्राद्ध, 25 सितम्बर बुधवार को नवमी श्राद्ध व 11 अक्टूबर शुक्रवार को दशहरा (महाष्टमी/महानवमी) को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

# मौलवी की कुंडली खंगालेगी एसआईटी

रुद्रपुर। छह बच्चियों के यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद मौलवी की एसआईटी कुंडली खंगाल रही है। एसआईटी की टीम रामपुर के शाहबाद से मौलवी के बारे में जानकारी जुटाकर लौट आई है और अब पीलीभीत के जहानाबाद जाने की तैयारी कर रही है। एक गांव में स्थित मस्जिद के मौलवी पर 17 अगस्त को अस्थायी मदरसा खोलकर बच्चियों से यौन शोषण का मामला सामने आया था। पुलिस ने एक बच्ची की मां की शिकायत पर पीलीभीत के जहानाबाद थाने के ग्राम डांग निवासी मौलवी शब्बीर रजा के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया तो अब तक छह बच्चियों के यौन शोषण होना पाया गया है। इस मामले में एसएसपी ने एसआईटी का गठन किया था। रविवार को अदालत से मंजूरी के बाद मौलवी को पुलिस कस्टडी रिमांड (पीसीआर) पर लिया गया था और एसआईटी ने उसे मस्जिद के कमरे में ले जाकर घटनाओं में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किया था। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मोबाइल से काफी अश्लील वीडियो मिले थे और ब्राउजर हिस्ट्री में भी अश्लील वीडियो के काफी लिंक मिले थे। मौलवी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वह दो महीने शाहबाद रामपुर में एक मस्जिद में रहा था। एक टीम ने वहां जाकर जानकारी जुटाई है। एक टीम मौलवी के गांव में जाकर उसके बारे में जानकारी जुटाएगी। पूरे प्रकरण में मजबूत साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा नेताओं ने निर्माणाधीन केन्द्रीय विद्यालय का किया निरीक्षण



खटीमा (उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यकारी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में खटीमा में बन रहे नए केंद्रीय विद्यालय का निरीक्षण किया। केंद्रीय विद्यालय के निरीक्षण में जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर सक्षम चुघ ने बताया कि प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से पिछले एक वर्ष से खटीमा में 8 एकड़ की भूमि पर केंद्रीय विद्यालय का निर्माण हो रहा है जिसमें कक्षा एक से 12 तक के बच्चों के लिए 24 कक्षाएं तीन लैब एक लाइब्रेरी दो अतिरिक्त लैब एक कैंटीन लगभग 3 एकड़ में खेल ग्राउंड एवं दो मंजिला केंद्रीय विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के आने-जाने के लिए रैंप का निर्माण किया जा रहा है। केंद्रीय विद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 25 करोड़ की लागत से बन रहे केंद्रीय विद्यालय का 80% कार्य पूर्ण हो चुका है। आने वाले सत्र 2024-2025 में निर्माण कार्य पूरा कर केंद्रीय विद्यालय की बिल्डिंग में नया सत्र प्रारंभ हो जाएगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय का निर्माण खटीमा के विकास में एक मील का पत्थर है। खटीमा के प्रतिभावान छात्र अब केंद्रीय विद्यालय में दाखिला लेकर उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त करेगें। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के सात केंद्रीय विद्यालय पूरे उत्तराखंड में बनने जा रहे हैं जिसकी शुरुआत पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र खटीमा से हुई है।भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सतीश गोयल ने बताया की अभी केंद्रीय विद्यालय में 363 बच्चे अध्यनरत है। फिलहाल अस्थाई रूप से केंद्रीय विद्यालय नौसर में चल रहा है और नए सत्र में लगभग एक हजार बच्चो को नए केंद्रीय विद्यालय में नए सत्र में प्रवेश मिलेगा जिससे खटीमा एवं आस पास के छात्रों को अच्छी शिक्षा प्राप्त होगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, शक्ति केन्द्र संयोजक नीलू गुप्ता,कमल चौहान, राहुल सक्सेना, नीरज रस्तोगी, नवल वाल्मीकि, आलोक गोयल, राहुल चौहान, ललित जोशी, नरेन्द्र धामी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने छात्रों को खेल के महत्व को बताया तथा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद को उनके जन्म दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए कई खेल आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रात: योगा अभ्यास से की गयी। कक्षा 5 वव 6 के विद्यार्थियों ने कई योगासन प्रस्तुत किए। नर्सरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों ने कई खेलों में प्रतिभाग किया जैसे क्लीन यूअर वे, हिट यूअर टारगेट आदि कक्षा 3 व 4 के विद्यार्थियों के लिए खेलकूद से सम्बन्धित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 7 से 9 के विद्यार्थियों ने कई इंडोर खेल खेले। कक्षा 9 से 11 तक के विद्यार्थियों के लिए अर्न्तसदनीय बॉस्केट बॉल का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर व उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा ने विजयी छात्रों को पुरूस्कृत किया। इस दिवस को सफल बनाने में सभी खेल अध्यापक व अध्यापिकाओं ने सहयोग प्रदान किया।



# प्रताप साह ने पावर लिफ्टिंग में जीते एक स्वर्ण व दो रजत



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम भगवानपुर निवासी मानस प्रताप साह पुत्र रविशंकर साह ने देहरादून में 24-25 अगस्त को आयोजित राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और दो रजत पदक प्राप्त कर ग्राम व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह उपलब्धि जूनियर वर्ग के 83 किलो भार वर्ग में प्राप्त की है। इस प्रतियोगिता में पूरे उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, काशीपुर, हल्द्वानी, रामनगर, रूद्रपुर , बाजपुर आदि के लगभग दो सौ खिलाड़िय्यों ने भाग लिया। इस अवसर ग्राम व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के मानस प्रताप साह को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालो में राकेश जोशी, बीडीसी सदस्य राखीजोशी, गुल मोहम्मद, कामेश्वर सिंह जेटली, अक्षय कुमार, शिवशंकर वर्मा, गूर मो., केएल साह, सूर्यप्रताप भंडारी, निर्मला साह, अनीता सा, कौशल किशोर सिंह, संजय सिंह, उमेन्द्र पांडे, शैलेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।


**ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED**

(CIN: L85110UR1995PLC008627)

Regd. Office: Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, SIDCUL, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur , Uttarakhand, 263153, Phone: 05944-250270, Fax: 05944-250269

Cor. Office:1st floor, Plot No. 2, Block No. 1, W.H.S. Kirti Nagar, New Delhi - 110015

Phone: 011-45642555, Website: www.archidply.com, Email: cs@archidply.com

**Notice of AGM, E-voting and Book Closure**

Notice is hereby given that the Twenty Nineth (29th) Annual General Meeting (AGM) of the Members of Archidply Industries Limited will be held on Wednesday, September 25, 2024 at 12:30 P.M. at its registered office at Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, SIDCUL, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur, Uttarakhand, 263153 to transact the business as specified in AGM Notice. Notice is also hereby given that pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 and the Companies (Management & Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, the register of members and share transfer books of the company shall remain closed from Thursday, 19th of September, 2024 to Wednesday, 25th of September, 2024 (both days inclusive) for the purpose of aforesaid AGM. Notice of the 29th AGM along with the Annual Report 2023-24 is sent by electronic mode to those members whose email addresses are registered with the company/depositories and physical copies are Dispatched to the members whose email addresses are not available with the company/depositories.

In terms of section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, as amended from time to time, the company is pleased to provide its members the facility to cast their vote electronically, through the e-voting services provided by National Securities Depository Limited (NSDL) on all resolutions proposed to be considered at the aforesaid AGM.

Further, the facility for voting through Poll/Ballot Paper shall be made available at the AGM and the Members attending the Meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right to vote at the Meeting through Poll/ Ballot Paper. The facility for voting by electronic voting system shall not be made available at the AGM of the Company.

Mr. Rajneesh Sharma, Proprietor of M/s Rajneesh Sharma and Co, Company Secretaries has been appointed as Scrutinizer to scrutinize the e-voting and remote e-voting process and the e-voting at AGM in fair and transparent manner.

All the members are hereby informed that:

i. The Ordinary business as set out in the Notice of 29th AGM of the company may be transected through voting by electronic means and through poll/Ballot paper at AGM;
ii. The remote e-voting period commences on Sunday, 22nd September, 2024 (10:00 a.m.) and end on Tuesday, 24th September, 2024 (5:00 p.m.).
iii. Cut-off date is Wednesday, 18th September, 2024.
iv. Persons who acquire and becomes shareholder of the Company after the dispatch of the Notice of AGM and holding shares as of the cut-off date i.e. Wednesday, 18th September, 2024 can do remote e-voting by obtaining the login ID and password by sending an email to evoting@nsdl.com or call on 022 - 4886 7000 by mentioning their Folio No./DP ID no. However, if such shareholder is already registered with the [RTA/DP] for remote e-voting then existing user ID and password can be used for casting vote.
v. The members may note that:
   a. Remote e-voting shall not be allowed beyond Tuesday, 24th September, 2024 (05:00 p.m.)
   b. The facility for voting through e-voting shall not be made available at the AGM of the Company and members attending the AGM who have not already casted their vote by remote e-voting shall be able to vote at the AGM through Poll/Ballot at the AGM.
   c. A member may participate at the AGM even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again.
   d. A person whose name is recorded in the register of member or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date i.e. Wednesday, 18th September, 2024 only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting .
vi. The notice of 29th AGM of the Company is available on the Company's website (www.archidply.com), NSDL's website (www.evoting.nsdl.com), BSE website (www.bseindia.com) and NSE website (www.nseindia.com); and
vii. In case of any queries before or during the AGM, you may refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) for Members and e-voting user manual available at the www.evotingindia.com, under help section or write an email to Pallavi Mhatre at evoting@nsdl.com or contact 022-48867000.
viii. For detailed instructions pertaining to e-voting, members may please refer to the section "Notes" in the Notice of the Annual General Meeting.

For Archidply Industries Limited
Sd/-
Atul Krishna Pandey
Company Secretary

Place: Delhi
Date: 29.08.2024

# खटीमा, सितारगंज व नानकमत्ता में जलभराव की डीप स्टडी सर्वे कराने के निर्देश

देहरादून/रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के साथ आपदा/बाढ़ एवं जल भराव के कारण हुए नुकसान व राहत एवं बचाव एवं पुनर्निमाण कार्यों की समीक्षा बैठक वीसी के माध्यम से की। उन्होंने कहा कि आपदा की गाइडलाईन में भारत सरकार द्वारा परिवर्तन किया है उसी गाइडलाईन के अनुसार आपदा क्षति का आंकलन कर डीपीआर तैयार कर कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा आपदा के समय रिस्पोंस टाइम कम से कम हो तथा सभी विभाग समन्वय बनाते हुए कार्य करें व आपदा सूचनाएं शीघ्र सचिव आपदा को भी देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभी मानसून काल चल रहा है इसलिए सभी अधिकारी सक्रिय रहें। उन्होंने 7 व 8 जुलाई को खटीमा, सितारगंज व नानकमत्ता में अत्यधिक पानी आने के कारणों की डीप स्टडी सर्वे कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण अभियान तथा अमृत सरोवर की जानकारी ली।उन्होंने वर्षाकाल के उपरांत डेंगू, मलेरिया व अन्य जलजनित रोगों से भी सचेत रहने व जागरूकता फैलाने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों जनपद के खटीमा, सितारगंज , नानकमत्ता व अन्य क्षेत्रों में आई बाढ़ एवं जल भराव से बचाव हेतु एसडीआरएफ, पीएसी, अग्निशमन एवं राजस्व की टीमों को पूर्व में ही अलर्ट कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि बाढ़ एवं जलभराव के दौरान लगभग 12 घंटों में 1500 से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया था तथा 1714 परिवारों को अलग-अलग राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया था, उन्होंने बताया कि हाइवे पर जलभराव से पानी 5 फीट से अधिक हो गया था, जबकि खटीमा व नानकमत्ता के शहरी क्षेत्रों में भी जलभराव अधिक हो गया था परन्तु प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्यों हेतु पूर्व तैयारियां समय से ही कर ली थी जिसके फलस्वरूप आपदा के कारण नुकसान बहुत कम हुआ। उन्होंने बताया कि इस दौरान



प्रशासन द्वारा 7 हजार से अधिक लोगों को पका भोजन जबकि 5 हजार से अधिक लोगों को राशन किट वितरित किये गये। जिलाधिकारी ने बताया कि इस दौरान एक सप्ताह में 15 हजार से अधिक लोगों को अहैतुक राशि वितरित की गयी थी जबकि कुल 23734 लोगों को लगभग 12 करोड़ अहैतुक राशि वितरित की गयी है, तथा छूटे हुए लोगों को जांच कराकर अहैतुक सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि आपदा के दौरान हुई जनहानि में कुल 31 लाख सहायता धनराशि का वितरित किया गया है जबकि पशुहानि होने पर भी सहायता राशि दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों से 62 करोड़ की क्षति आंकलन का प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा न्यूनीकरण में 2.56 करोड़ के प्रस्ताव पास किये गये थे, जिसमें से शासन द्वारा 1 करोड़ 45 लाख प्राप्त हो चुके हैं शेष 1.12 करोड़ अवमुक्त करने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने बताया कि खटीमा बाजार क्षेत्र में भी जलभराव होने के कारण 1434 व्यापारियों व दुकानदारों का भी नुकसान हुआ है जिस हेतु तीन श्रेणियां बनाकर उनके नुकसान का आंकलन कर सहायता राशि हेतु 2 करोड़ 76 लाख का प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित किया गया था जिसमें धनराशि प्राप्त होने पर प्रभावितों को वितरित कर दी जायेगी ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बांगरी, वीसी तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी मनोज कुमार शर्मा, उपजिलाधिकारी गौरव पांडेय, अधीक्षण अभियंता लोनिवि हरीश कुमार, अधि.अभि. लोनिवि ओपी सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# डा.चिन्मय पंड्या कल रूद्रपुर में




रूद्रपुर।अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांति कुंज हरिद्वार के संस्थापक युग दृष्टा, वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के संदेश वाहक अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि, वर्तमान में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉक्टर चिन्मय पंड्या जीवन उपयोगी मार्गदर्शन देने के लिए कल रूद्रपुर पहुंचेंगे। डा. पंड्या जेसीज पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में शनिवार को प्रात: 8.30 बजे से 10.30 बजे तक अपना संबोधन करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी में रुद्रपुर गायत्री परिवार के मुख्य कार्यकर्ता अशोक छाबड़ा, अनुज अग्रवाल, भोला प्रसाद यादव, राजेंद्र प्रसाद, सुशील शर्मा, प्रेम शंकर पांडे, त्रिभुवन शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, डीके शर्मा, अंशुल टंडन, अरुण कुमार शर्मा, अजय गोयल, सुनील शुक्ला कन्हैया खंडेलवाल, यशवंत सिंह, राजदेव भारद्वाज सहित तमाम लोग जुटे हैं। गायत्री चेतना केंद्र के सदस्यों ने उक्त संबोधन स्थल पर सभी वर्ग के भाई बहिनों एवं बुजुर्गो से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अध्यात्म दृष्टि से लाभान्वित होने का आह्वान किया है।

# दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक महिला ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। नेहा खण्डेलवाल निवासी 91ए, हीरानगर हल्द्वानी ने महिला हेल्पलाइन और संबंधित अधिकारियों को दी शिकायत में कहा है कि उसका पति, प्रथम खंडेलवाल, और उनके ससुराल वाले उनकी शादी के बाद से लगातार दहेज और मकान बनाने को लेकर मारपीट और घरेलू हिंसा कर रहे हैं। महिला का कहना है कि उसकी शादी 25 मई 2023 को कान्ता बैंकट हॉल, हल्द्वानी में हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, शादी के बाद से ही उसका पति और ससुरालियों द्वारा उन्हें शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। नेहा ने 17 मई 2024 को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र दिया, जिसके बाद महिला हेल्पलाइन ने काउंसिलिंग की। 21 जून 2024 को एक राजीनामा भी किया गया, लेकिन इसके बावजूद घरेलू हिंसा का सिलसिला जारी रहा। 10 और 11 जुलाई 2024 को उन्हें मारपीट का सामना करना पड़ा और चिकित्सीय रिपोर्ट भी जारी की गई है। महिला ने ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# खुरपिया में स्मार्ट सिटी बनाने पर बेहड़ ने जताया आभार




किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिख कर किच्छा के अंतर्गत खुरपिया क्षेत्र में एक औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाने जाने हेतु आभार जताते हुए कहा कि उतराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा केंद्र को भेजे गए प्रस्ताव (किच्छा विधानसभा के खुरपिया में स्मार्ट सिटी का निर्माण) को शामिल करते हुए दिनांक 28-08-2024 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा राष्ट्रीय औधोगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के अंतर्गत् 28,602 करोड़ रूपये निवेश के साथ 12 नए परियोजनाओं के तहत उतराखंड के उधम सिंह नगर के खुरपिया क्षेत्र में एक औधोगिक स्मार्ट सिटी के विकास का निर्णय केन्द्रीय मंत्रीमंडल की बैठक में लिया गया है। उक्त परियोजना के तहत 1265 करोड़ रूपये की मंजूरी हमारी विधानसभा किच्छा के अंतर्गत खुरपिया में दी गयी है। खुरपिया में नया औधोगिक क्षेत्र बनने से पंतनगर,रुद्रपुर,काशीपुर व सितारगंज के औद्योगिक क्षेत्र में लगे उद्योगों को भी फायदा होगा। नगर में औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनने से तेजी से विकास होगा, लोगों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे,क्षेत्र के हर समुदाय व तबके को इस परियोजना का लाभ मिलेगा साथ ही स्थानीय व्यवसाईयों और क्षेत्रवासियों को भी इसका लाभ मिलेगा। बेहड ने कहा कि किच्छा विधानसभा के खुरपिया में औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाने के इस निर्णय का हम स्वागत करते है व किच्छा विधानसभा का विधायक होने के नाते वह अपनी तरफ से व पूरी विधानसभा किच्छा के सम्म्मानित क्षेत्रवासियों की तरफ से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हार्दिक आभार जताते हैं।

# स्मार्ट सिटी बनने से होगा रोजगार का सृजन: संजीव



किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी संजीव कुमार सिंह नें उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री के अनुरोध पर प्रधानमंत्री द्वारा किच्छा के खुरपिया को स्मार्ट औद्योगिक शहर की तर्ज पर विकसित किये जाने की मंजूरी देने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए किच्छा की जनता की तरफ से आभार व्यक्त किया। श्री सिंह नें कहा कि औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनने से रोजगार का सृजन होगा। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी का यह कदम देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने के लिए तैयार किया है, जिससे औद्योगिक नीति एवं शहरों का एक मजबूत तंत्र तैयार होगा जो कि आर्थिक विकास एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर विशाल चौहान, धनञ्जय सिंह, मोहन कोली, नवीन सिंह, ब्रह्मानंद, अभिनव सिंह, राजेन्द्र सिंह, सतपाल प्रधान, राजेश चौबे, मनोज गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# किच्छा का पिछड़ापन दूर होगा: गावा



किच्छा(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारी सतपाल गाबा ने औद्योगिक प्रतिष्ठान के लिए स्मार्ट सिटी बनाए जाने के सरकार के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि व्यापार क्षेत्र में पिछड़ रहे किच्छा के लिए सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम विकास की एक नई किरण लेकर आया है जो की इस क्षेत्र के पिछड़े पन को दूर करने में सार्थक सिद्ध होगा उन्होंने कहा कि किच्छा की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय की सराहना करते हैं। क्योंकि यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां रेलवे सड़क और वायु यातायात की पूरी व्यवस्था है तथा यही नहीं यहां शैक्षणिक संस्थान भी उच्च कोटि के मौजूद हैं।

# औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनने से किच्छा का होगा विकास: सक्सेना



किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सोशल मीडिया प्रभारी राजेश सक्सेना में केंद्र सरकार द्वारा खुरपिया फार्म को औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास रत है। खुरपिया फार्म में औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनने से जहां हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा वहीं क्षेत्र के आसपास व्यापारियों को व्यापारियों सहित तमाम लोगों को भी लाभ प्राप्त होगा। वहीं स्मास्ट इंडिस्ट्रीयल ऐरिया में लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बनेंगे।

# मील का पत्थर साबित होगी स्मार्ट सिटी: राठौर



किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता मोर्चा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर ने प्रदेश एवं केंद्र की सरकार द्वारा खुरपिया फार्म में औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाए जाने के निर्णय मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को ऐसे ही औद्योगिक स्मार्ट सिटी की आवश्यकता थी उन्होंने यह भी कहा कि पर्वतीय क्षेत्र में भी रोजगार पर संसाधनों को विकसित करने की आवश्यकता है जिसके लिए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार हर संभव कोशिश कर रही है।




# युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म, केस दर्ज

हल्द्वानी। पिथौरागढ़ निवासी युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर तीन साल तक शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद शादी से मना कर दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 376, 504 में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुखानी थाने में तहरीर देते हुए पिथौरागढ़ निवासी युवती ने कहा कि वह हल्द्वानी में नर्स है। मुखानी थाना क्षेत्र में वह किराये पर रहती है। कहा कि मूल पिथौरागढ़ और हाल कठघरिया निवासी चेतन सिंह निर्खुपा ने अगस्त 2021 में अपनी बातों में फंसाकर उसे हल्द्वानी के एक होटल में बुलाया। यहां उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। साथ ही शादी का आश्वासन भी दिया। एसओ मुखानी पंकज जोशी ने बताया कि आरोपी चेतन के खिलाफ आईपीसी 376 और 504 में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके बाद युवक ने मुझे मेरे घरवालों से बात करने और घर जाने से मना कर दिया। आरोपी ने मुझे पूर्ण विश्वास में लेकर मुझे मेरे घर वालों से भी दूर किया। जब भी मेरे लिए कोई रिश्ता मेरे घर वाले देखते तो यह घर में बता देने की धमकी देता था। इस वर्ष दो जून को चेतन उसके किराये के कमरे में आया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब चेतन से शादी के लिए कहा तो उसने बात करना बंद कर दिया। बाद में उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। युवती ने कहा कि जब उसने युवक के घर वालों से बात की तो उन्होंने भी चेतन से शादी कराने को मना कर दिया। दो अगस्त को चेतन आया लेकिन मैंने कमरा नहीं खोला। चार अगस्त को उसने कार्यक्षेत्र में आकर कर मुझे धमकाया और मेरे चरित्र पर आरोप लगाए।



# पुर्ननिर्माण योजनाओं पर तेजी से कार्य करायें : धामी

## मुख्यमंत्री ने वीडियो क्रांन्फ्रेसिंग में सभी जिलाधिकारियों से जनपदों में अतिवृष्टि से हुए नुकसान तथा आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी ली

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में शासन के उच्चाधिकारियों एवं वीडियो क्रांन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों से जनपदों में अतिवृष्टि से हुए नुकसान तथा राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी को वरूणावत भूस्खलन क्षेत्र के तकनीकी अध्ययन के लिए आई.आई.टी रूड़की एवं टी.एच.डी.सी. से सहयोग के निर्देश देते हुए कहा कि इस संबंध में पूर्व में हुए अध्ययनों का भी संज्ञान लिया जाए ताकि लैंडस्लाइड जोन के उपचार की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने जानकीचट्टी के आसपास के क्षेत्रों के उपचार एवं विस्तारीकरण के कार्यों में भी तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों से भूस्खलन क्षेत्रों की सूची तैयार करने तथा बरसात समाप्त होते ही सड़क मरम्मत सहित अन्य पुर्ननिर्माण योजनाओं पर तेजी से कार्य किए जाने के लिए टेण्डर प्रक्रिया अविलंब प्रारंभ करने को कहा। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्ग के मरम्मत के साथ ही भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों तथा रेनफाल की स्थिति की भी तकनीकी संस्थानों से अध्ययन कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के कारण विकास कार्य प्रभावित न हो इस दिशा में भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने 7-8 जुलाई को सितारगंज, टनकपुर, बनबसा तथा तराई भाबर के क्षेत्रों में दशकों बाद जलजमाव होने तथा बाढ़ की स्थिति पैदा होने की स्थिति के भी अध्ययन की जरूरत बताई। उन्होंने जल निकासी प्रणाली तथा ड्रेनेज सिस्टम को और प्रभावी बनाए जाने के भी निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की जिलाधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसके रिस्पांस टाइम को और बेहतर बनाए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि आपदा पीड़ितों की तुरंत मदद करना हमारी जिम्मेदारी है। हम आपदा को रोक तो नहीं सकते हैं, लेकिन उसके प्रभाव को पीड़ितों की मदद करके कम कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से वृक्षारोपण की रिपोर्ट तैयार करने तथा अमृत सरोवरों की स्थिति की भी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। सभी कार्य धरातल पर दिखाई दे, यह भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सितंबर में भी भारी वर्षा की संभावना के दृष्टिगत सभी अधिकारी सतर्क रहें तथा वर्षा के बाद होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए। सचिव आपदा प्रबंधन श्री विनोद कुमार सुमन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रदेश में आपदा की स्थिति, राहत, पुनर्वास तथा पुर्ननिर्माण से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपदा मद में हुई धनराशि वृद्धि से क्षतिग्रस्त सम्पत्तियों, आवासीय भवनों, मूलभूत सेवाओं को सुचारू किए जाने तथा वृहद योजनाओं को भी पुनर्निर्मित करने में मदद मिलेगी। बैठक में उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन श्री विनय रोहिला, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् श्री विश्वास डाबर, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु,, गढ़वाल कमिश्नर श्री विनय शंकर पाण्डेय, सचिव श्री आर. राजेश कुमार, श्री एस.एन.पाण्डेय, श्री रविनाथ रामन, डॉ पंकज कुमार पाण्डे, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, बी.आर.ओ के अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।





# महिलाओं के लिए असुरक्षित स्थानों का चिन्हिकरण किया जाए : डीएम

## सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था के साथ पुलिस गश्त बढ़ाई जायेगी

नैनीताल(उद संवाददाता)। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एवं राज्य बालिका नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। ऐसे स्थान जहां बालिकाऐं/महिलायें अपने आप को असुरक्षित महसूस करती है, उन असुरक्षित क्षेत्रों के चिन्हिकरण हेतु समिति का गठन किया गया है। समिति में बाल विकास, प्रोवेशन, शिक्षा एवं चिकित्सा विभाग की टीमें असुरक्षित क्षेत्रों का संयुक्त रूप से हल्द्वानी और अन्य शहरी क्षेत्रों की कॉलेज जाने वाली छात्राओं से वार्ता कर उनके फीडबैक के आधार पर शहर के महिलाओं हेतु असुरक्षित स्थानों को चिन्हीकरण कर सूची बनाएगी, इसके लिए टीम सभी डिग्री कॉलेज और शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यशाला करेगी । इस सूची के आधार पर पुलिस और प्रशासन द्वारा इन स्थानों का भौतिक सत्यापन कर असुरक्षा के कारणों को चिन्हित कर, सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट, रात्रि गश्त आदि कार्यवाही की जाएगी । बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि हल्द्वानी, रामनगर आदि क्षेत्र के ऐसे स्थान जो बालिकाओं के लिए असुरक्षित है उन स्थानों का चिन्हिकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी शहर काफी संवेदनशील है, इसलिए समिति के सदस्य हल्द्वानी शहर के डिग्री कालेज एवं शासकीय एवं निजी बालिका इन्टर कालेजों में रोस्टर वार सभी कालेजों की बालिकाओं से संवाद कर असुरक्षित क्षेत्र के बारे में जानकारी हासिल कर सूची भी तैयार करें। उन्होंने कहा असुरक्षित क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढाई जायेगी साथ ही उन स्थानों पर लाईटिंग एवं सीसीटीवी कैमरा भी लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा समाज में ऐसी बच्चियां जो गरीब,असहाय है लेकिन उनको अच्छी शिक्षा प्राप्त करनी है, उनका चिन्हिकरण कर उनकी अच्छी शिक्षा की ओर महिला बाल विकास विभाग कार्य करे। उन्होंने कहा जनपद की ऐसी प्रतिभावान महिलायें जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर के साथ ही इतिहास में ऐसे कार्य किये हैं लोगों को इनके बारे में जानकारी ही नहीं है, उन प्रतिभावान महिलाओं के प्रेरणा दायक पोस्टर लगाये जांए ताकि लोग उनसे प्रोत्साहित होकर बालिकाएं प्रेरणा प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा बालिकाओं को नये अपराधिक कानूनों के साथ ही यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी)आदि कानूनों के महिलाओं संबंधी प्रावधानों की जानकारी भी दें, इसके लिए पोस्टर, पम्पलेट के द्वारा प्रचार प्रसार किया जाए ताकि बालिकायें को कानूनों के बारे में जानकारी हो सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे, अपर पुलिस अधीक्षक हरबंश सिह,बाल विकास अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, प्रोवेशन अधिकारी वर्षा, संरक्षण अधिकारी प्रकाश काण्डपाल, सीडीपीओ पार्वती कोरंगा, पूनम रौतेला,तुलसी बोरा,शिल्पा जोशी, अनिता सक्सेना आदि उपस्थित थे।



# राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के रिटायर्ड आईएएस अफसर सुशील कुमार को राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। वह बीते साल गढ़वाल आयुक्त के पद से रिटायर हुए थे। राज्य निर्वाचन आयुक्त (पंचायतराज और स्थानीय निकाय) का पद बीते आठ माह से खाली था। वहीं, स्नातक और आईपी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से एमबीए किया है। राज्य सिविल सेवा में शामिल होने से पहले उन्होंने भारतीय सेना में इंजीनियर्स कोर में कमीशन प्राप्त अधिकारी के रूप में भी काम किया है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान नगर आयुक्त, देहरादून, जिला मजिस्ट्रेट, पिथौरागढ़



अब प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव को देखते हुए शासन ने सुशील कुमार की नियुक्ति इस पद पर की है। गुरुवार को इसका आदेश जारी हो गया है। वहीं, उन्होंने आयोग कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। आयुक्त सुशील कुमार उत्तराखंड कैडर के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से विज्ञान में और जिला मजिस्ट्रेट पौड़ी गढ़वाल जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्हें उत्तराखंड के श्रम आयुक्त और गन्ना आयुक्त के रूप में विभिन्न लाइन विभागों के कार्यकाल का भी अनुभव है। उन्होंने सरकार में राजस्व विभाग के सचिव और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य किया है।

# भूस्खलन की चपेट में आए टिफिन टॉप चोटी पर डोरोथी सीट का किया निरीक्षण

## इको फ्रेंडली टूरिज्म के लिए डोरोथी सीट फिर से बनाने के लिए बेहतर डीपीआर तैयार की जाएगी : दीपक रावत







नैनीताल (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने गुरुवार को टिफिन टॉप चोटी- डोरोथी सीट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को टिफिन टॉप मार्ग में पर्यटक,स्थानीय लोगों के लिए जानकारी के लिए साइन ऐज लगाने के निर्देश दिए। साथ ही मार्ग में विभिन्न प्रकार की प्रजाति के पेड़-पौधे के बारे जानकारी के लिए जगह जगह में बोर्ड लगाने की बात कही। आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि डोरोथी सीट 22सौ मीटर ऊंचाई पर है, साथ ही पर्यटक-पर्यटन के दृष्टि महत्तवपूर्ण है, ट्रेकिंग के लिए सीजन में हजारों की संख्या में लोगों यहां पहुंचते हैं, लेकिन बीते दिनों भारी बारिश के कारण टिफिन टॉप -डोरोथी सीट भूस्खलन की चपेट में आ गया। जिससे टिफिन टॉप चोटी-डोरोथी सीट अधिकांश हिस्सा टूट गया है। पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए वर्तमान में पर्यटकों और स्थानीय लोगों के टिफिन टॉप - डोरोथी सीट में आवाजाही पूर्ण रूप से बंद है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि टिफिन टॉप चोटी- डोरोथी सीट में मेजर प्रोटेक्शन वर्क की आवश्यता है। इसी क्रम में वन विभाग, नगर पालिका, ऐलिगेशन, लोनिवि आदि के विभागीय अधिकारियों ने सयुंक्त निरीक्षण -सर्वे किया है। प्राथमिकता के साथ डोरोथी सीट फिर से बनाने के लिए बेहतर डीपीआर तैयार की जाएगी। साथ ही इसको और भी ज्यादा बेहतर और आकर्षित बनाया जाएगा। जिसमें लाइट, पानी, शौचालय, ईको फैंडली टूरिज्म और अन्य सुविधा भी जाएगी। जिससे टिफिन टॉप - डोरोथी सीट का पुराना इतिहास, जानकारी और पहचान बनी रहे। जिससे पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। इस दौरान केएमवीएन एमडी संदीप तिवारी, डीएफओ चंद्रशेखर जोशी, एसडीएम प्रमोद कुमार, ईई लोक निर्माण विभाग रत्नेश सक्सेना, ईओ नगर पालिका पूजा आर्या, समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बैडमिंटन चैम्पियनशिप में मृदुल पाण्डे ने लहराया परचम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।जेसीज पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में इंटरस्कूल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का फाइनल पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर और नैनीताल जिले के 21 विद्यालयों के लगभग 254 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन में विद्यालय के महा सचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने विधिवत रूप से सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया। प्रतियोगिता के समापन के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर, मुख्य अतिथि चंद्रशेखर आर घोडके एस०पी० क्राइम ब्रांच उधमसिंहनगर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विनय कुमार जोशी (अध्यक्ष जु० जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया),शरद जोशी (पैरा ओलंपियन बैडमिंटन) उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत के साथ किया। तत्पश्चात बैडमिंटन चैम्पियनशिप की शृंखला के अंतिम दिवस अंडर-17 बॉयज सिंगल्स फाइनल में अद्विक शाह (एबीएम हल्द्वानी) और मृदुल पांडेय (नैनी वैली) के बीच काँटे की टक्कर देखने को मिली। इस रोमांचक मुकाबले में मृदुल पांडेय ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अद्विक शाह को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच की शुरुआत से ही दोनों खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। मृदुल ने अपने सटीक शॉट्स और धैर्यपूर्ण खेल के दम पर अद्विक पर दबाव बनाए रखा। अद्विक ने भी कड़ा मुकाबला दिया और कई मौकों पर शानदार वापसी की, लेकिन अंततः मृदुल की रणनीति और खेल पर उनकी पकड़ ने उन्हें जीत दिलाई। इस जीत के साथ मृदुल ने न केवल अपने स्कूल बल्कि अपने जिले का नाम भी रोशन किया। मैच के बाद मृदुल ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच और परिवार को दिया, जिन्होंने पूरे चैम्पियनशिप में उनका साथ दिया और उन्हें प्रेरित किया। चैम्पियनशिप के आयोजकों और मुख्य अतिथि ने इस शानदार जीत के लिए बधाई दी और सभी प्रतिभागियों को पुरूस्कार से सम्मानित किया।वहीं खिलाड़ियों के खेल की भी सराहना की गई और उन्हें आने वाले टूर्नामेंट्स के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। समापन समारोह के दौरान विद्यालय के निदेशक सुधांशु पन्त, प्रधानाचार्य प्रवेश मेहराने भी खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल इन दो जिलों के लिए बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है, और भविष्य में यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।






# उत्कृष्ट कार्यों के लिए डा. रेनू शरण को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरवती देवी मैमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ रेनू शरण को महिलाओं के उत्थान के लिए समाज मे उत्कृष्ट कार्य करने पर सेवा क्रांति वेलफेयर द्वारा सम्मानित किया गया। सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के प्रतिष्ठापन दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष




डॉ. रेनू शरण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।कार्यक्रम के अध्यक्षता रामवीर यादव, कोषाध्यक्ष अलका अरोड़ा द्वारा की गई।डॉ. रेनू शरण ने सभी उपस्थित लोगों को ट्रस्ट द्वारा किये जा रहे समाज हित में की जा रही सेवा,ब्लड सेवा, गौ सेवा आदि की सराहना की और राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती पर सभी को बधाई एंव शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर संयुक्त निदेशक आर. एफ.एस.एल.उत्तराखंड डॉ. दयाल शरण जी ,उपाध्यक्ष:अल्का अरोरा, जितेंद्र शर्मा,संतोषी मिश्रा, तथा ट्रस्ट के सभी सम्मानित जनों की उपस्थित रही।

# पल्लवी ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उत्तराखंड सरकार के वित्त विभाग में रजिस्ट्रार बनी पल्लवी ठुकराल को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने उनके आवास पर शाल ओढ़ाकर व फूल मालाओं से सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा



पल्लवी ठुकराल ने शीर्ष स्थान हासिल कर रुद्रपुर सहित पूरे उत्तराखंड को गौरवान्वित किया है। पूर्व विधायक ठुकराल ने पल्लवी ठुकराल के आवास पर मुलाकात कर उनको उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी । इस दौरान किशन लाल ठुकराल,बलदेव राज ठुकराल, सिमा ठुकराल, कविता ठुकराल विप्लव ठुकराल, चिराग चिलाना, वर्षा चिलाना, निखिल चिलाना, ललित बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# पुलिस उपाधीक्षक बनी अवनी तिवारी को दी शुभकामनाएं

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।रुद्रपुर की बेटी अवनी तिवारी ने पीसीएस परीक्षा पास कर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) का पद प्राप्त किया है, जिससे पूरे शहर में खुशी और गर्व का माहौल है। इस खबर के बाद उनके परिवार और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई, जिसमें भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा भी शामिल थे, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से अवनी को घर जाकर बधाई दी। मॉडल कॉलोनी, रुद्रपुर की निवासी अवनी तिवारी ने 2021 में पीसीएस परीक्षा में प्रयास किया था। चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हार नहीं मानी और अंततः 2023 में सफलता हासिल की, परिणाम सुनते ही अवनी के परिवार के सदस्य भावुक हो गए और गर्व के साथ इस सफलता का जश्न मनाया। गुरुवार को, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा अपने समर्थकों के साथ अवनी के घर पहुंचे और उन्हें बधाई दी। उन्होंने अवनी को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।विकास शर्मा ने अवनी की कड़ी मेहनत और संकल्प की सराहना की, और कहा कि उनकी सफलता राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को दिए जा रहे अवसरों का प्रमाण है। मॉडल कॉलोनी निवासी अवनी, बीएसएनएल विभाग से सेवानिवृत्त आर.पी. तिवारी और सेवानिवृत्त शिक्षिका पुष्पा तिवारी की बेटी हैं। अवनी ने अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की थी। 2021 में कठिनाईयों का सामना करने के बाद भी, उन्होंने निरंतर पढ़ाई की, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने सफलता प्राप्त की।विकास शर्मा से बात करते हुए अवनी ने पुलिस विभाग में सेवा करने और समाज के प्रति योगदान देने की इच्छा व्यक्त की। उनकी मेहनत ने न केवल उनके परिवार को गर्वित किया है, बल्कि समाज में भी प्रेरणा का संचार किया है। विकास शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अवनी की सफलता राज्य में महिलाओं की बढ़ती सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिए 30% आरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और युवा लड़कियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रमोद तिवारी, चंदन गुलाटी, विशाल कोठी, आकाश सिंह, और राजीव चावला सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# जीडी गोयंका स्कूल में खेल प्रतिभाओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर।जी डी गोयंका पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के एथलीटों की उपलब्धियों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने प्रतिभाग किया। समारोह में मुख्य अतिथि जी डी गोएंका के चेयरमैन अतुल गोयल ने विजेताओं को बधाई दी और युवाओं को आकार देने में खेल के महत्व पर जोर दिया। पुरस्कार विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक, प्रमाण पत्र, और ट्राफियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर डायरेक्टर रुचि गोयल, रोहित गोयल, और मुकुंज गोयल ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या रूपाली पुरी ने छात्रों को खेल के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शहर के पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ. बरसा और मीडिया की उपस्थिति में बच्चों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक विजेता पार्थ ,विनायक, सरताज, रजत पदक विजेता यशवर्धन-रजत, कांस्य पदक विजेता राघव, स्केटिंग में स्वर्ण पदक विजेता अक्ष, अनुश्री ,मयंक सिकदर ,माणिक यादव,अर्णव अग्रवाल ,रजत पदक विजेता अर्णव आर्य, कांस्य पदक विजेता, जोगेश योग में स्वर्ण पदक विजेता आशका , रजत पदक विजेता स्वर्णिका एवं शतरंज में स्वर्ण पदक विजेता नैतिक को सम्मानित किया गया।





# ठेली स्वामियों ने विधायक सुमित से लगाई न्याय की गुहार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डिग्री कॉलेज व ठंडी सड़क में ठेला लगाने वालों ने अपने साथ हो रहे उत्पीड़न को रोकने की मांग को लेकर विधायक सुमित हृदयेश से मुलाकात की और उनसे न्याय दिलाने की गुहार लगायी। फड़ व्यवसाईयों की समस्या सुनने के बाद विधायक सुमित हृदयेश ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से फोन पर वार्ता कर उन्हें ठेला फड़ व्यवसाईयों की समस्याओं से अवगत कराया व



उनकी समस्याओं का समाधान करने की बात कही। विधायक सुमित ने फड़ व्यवसाईयों को भरोसा दिलाया कि उनके हितों का हर हाल में ध्यान रखा जायेगा। युवा नेता हेमन्त साहू का कहना था कि ठेला फड़ वालों के सामने रोजी रोटी का संकट आ खड़ा हुआ है। लिहाजा जब तक उन्हें न्याय नही मिल जाता उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर भूप्पी सिंह, संपत कुमार, दिलीप कश्यप, कैलाश चंद्र, लेखराज कश्यप, गोविन्द जोशी, दुर्गाप्रसाद कश्यप व देवेंद्र जलाल आदि ठेली व्यवसाई उपस्थित थे।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में अलंकृता और सोनल ने लहराया परचम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विजडम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दो छात्राओं अलंकृता तिवारी तथा सोनल बोहरा ने जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए अपनी जीत सुनिश्चित की तथा राज्य स्तर बैडमिंटन प्रतियोगिता



के लिए अपनी जगह बनाई है। छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर उपप्रधानाचार्या श्रीमती साक्षी मिश्रा तथा सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।विद्यालय के प्रबंध निदेशक गोपाल सिंह पटवाल ने छात्राओं तथा शारीरिक प्रशिक्षक महेंद्र कुमार भारद्वाज को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# रोटरी इंटरैक्ट क्लब ने वितरित किये कागज के थैले

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।रुद्रपुर रोटरी इंटरैक्ट क्लब ने सॉफ्टमूव के साथ मिलकर शहर के मुख्य बाजार में कागज के थैले वितरण का अभियान चलाया। इस अभियान में रुद्रपुर के 8 से अधिक प्रमुख विद्यालयों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। जिनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, आरएएन पब्लिक स्कूल, एमिनिटी पब्लिक स्कूल, स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल, जेसीज पब्लिक स्कूल, क्रिमसन वर्ल्ड स्कूल और कोलंबस पब्लिक स्कूल शामिल थे।इस अभियान की शुरुआत सॉफ्टमूव की संस्थापक द्विशोजयी बनर्जी और परियोजना समन्वयक संपदा तिवारी , इंटरैक्टर मौलिक कक्कड़, इंटरैक्टर रिज्जुल मदान, इंटरैक्टर लक्ष्य गोयल , इंटरैक्टर आरव सिंघल के नेतृत्व में हुई। विद्यार्थियों ने बाजार के दुकानदारों और विक्रेताओं को 10,000 से अधिक कागज के थैले वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और प्लास्टिक के उपयोग को कम करना था। शहर के मुख्य बाजार में आयोजित इस कार्यक्रम ने लोगों का ध्यान खींचा और प्लास्टिक मुक्त रुद्रपुर की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया। रोटरी इंटरैक्ट क्लब और सॉफ्टमूव के इस संयुक्त प्रयास से न केवल छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत हुई, बल्कि शहर के व्यापारी भी पर्यावरण के प्रति जागरूक हुए।





## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मौलिक अधिकार

इस मसले पर लंबे समय से बहस होती रही है कि महज आरोप के आधार पर किसी व्यक्ति को अगर कई-कई महीने जेल में बंद रखा जाता है और बाद में अंतिम तौर पर उसे निर्दोष पाया जाता है तो उसे जेल में रखे गए वक्त को किस सजा के दायरे में माना जाएगा। अब सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर इस मसले पर स्थिति साफ की है कि दोषी करार दिए जाने से पहले आरोपी को लंबे समय तक हिरासत में रखने को बिना सुनवाई के सजा बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। गौरतलब है कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस नेता के कविता इस वर्ष मार्च महीने से जेल में थीं। सीबीआइ और प्रवर्तन निदेशालय का दावा है कि वे दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में शामिल रही हैं। हालांकि उन्हें जमानत देते हुए अदालत ने यह भी कहा कि धनशोधन कानून के जरिए लगाई गई पाबंदियों की तुलना में स्वतंत्रता का मूल अधिकार 'श्रेष्ठ' है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के सामने यह कोई पहला मौका नहीं था जब इस मसले पर उसने अपना यह रुख स्पष्ट किया है। इससे पहले दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत देते हुए भी अदालत ने यह माना था कि उनके मामले में सुनवाई में देरी हो रही है और उन्हें 'असीमित समय' के लिए जेल में नहीं रखा जा सकता है, क्योंकि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। के कविता को भी जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह अधिक समय तक जेल में रखने और सुनवाई में देरी को आधार बनाया है। अगर किसी गंभीर अपराध के आरोप में कोई जांच एजंसी किसी को गिरफ्तार करती है तो इससे पहला संकेत यही उभरता है कि उसके पास आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत या आधार होंगे। मगर ऐसे मामले अक्सर सामने आते हैं, जिनमें कई वजहों से आरोपी के खिलाफ सबूत पेश करने या सुनवाई का मामला लगातार टलता रहता है और आरोपों के कठघरे में आया व्यक्ति बिना दोषी साबित हुए लंबे समय तक जेल में बंद रहता है। यह एक तरह से जांच एजंसियों की कार्यशैली से लेकर कानूनी स्थिति पर भी सवाल है कि आरोप, जांच, सुनवाई और सजा की वे कौन-सी कसौटियां हैं, जिनके तहत बिना दोषसिद्धि के किसी को कई-कई महीने तक कैद में रखा जा सकता है। इस तरह के बिंदुओं पर अदालत को खुद सीबीआइ और ईडी जैसी जांच एजंसियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने का मौका मिलता है तो इसे कैसे देखा जाएगा? यों पिछले कुछ वर्षों से प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो पर भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकंजा कसने के नाम पर सत्ता पक्ष के इशारे पर काम करने के आरोप लगते रहे हैं। अदालतों ने भी कई बार इन जांच एजंसियों की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाए हैं। जहां तक आरोप के आधार पर जेल में रखने का मामला है, सर्वोच्च न्यायालय ने फिर इस सुस्थापित सिद्धांत को दोहराया है कि 'जमानत नियम है, जेल अपवाद है' और यह धनशोधन निवारण अधिनियम यानी पीएमएलए मामलों में भी लागू है। आरोप लगने और फैसला आने तक के संदर्भ में शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी बेहद अहम है कि आजादी से वंचित सिर्फ उन स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं के जरिए ही किया जा सकता है जो वैध और तर्कसंगत हों।

# पत्रकार उत्पीड़न का मामला पहुंचा मानवाधिकार आयोग

नैनीताल (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले में पत्रकारों के उत्पीड़न का मामला सामने आया है, जहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों को अनावश्यक नोटिस भेजकर उनका दमन किया जा रहा है। इस मामले में आरटीआई कार्यकर्ता संघ के अध्यक्ष पीयूष जोशी ने उत्तराखंड राज्य मानव अधिकार आयोग को शिकायत पत्र सौंपकर पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ विरोध जताया है। मामले पत्रकारों ने कल पुलिसउपमहानिरीक्षक, कुमाऊं रेंज को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा पत्रकारों पर दबाव और भय का माहौल बनाने के लिए अनावश्यक नोटिस भेजने के खिलाफ विरोध जताया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि यह पहली घटना नहीं है, इससे पूर्व भी कई पत्रकारों को दबाव में लेने के लिए इस प्रकार के नोटिस दिए जाते रहे हैं। वहीं आरटीआई कार्यकर्ता संघ के अध्यक्ष पीयूष जोशी ने उत्तराखंड राज्य मानव अधिकार आयोग को एक विस्तृत शिकायत पत्र भेजा, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए उत्पीड़न के खिलाफ विरोध जताया गया है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए उत्पीड़न से पत्रकारों में भय का माहौल बन गया है, और वे संवेदनशील मुद्दों पर रिपोर्टिंग करने से डरने लगे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए उत्पीड़न से कई प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है। कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 341 और 342: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों को अनावश्यक नोटिस भेजकर उनका दमन किया गया है, जो कि गलत तरीके से कैद और प्रतिबंध है। मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 3: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों के उत्पीड़न से मानव अधिकारों का उल्लंघन हुआ है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 और 21: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों के उत्पीड़न से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन हुआ है। पुलिस मैनुअल के अध्याय 12 और 13: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों के साथ व्यवहार करने के लिए पुलिस मैनुअल के दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया गया है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के दिशानिर्देशों के अनुच्छेद 1 और 2: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों के उत्पीड़न से मानव अधिकारों का उल्लंघन हुआ है। उत्तराखंड पुलिस अधिनियम की धारा 23: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों के साथ व्यवहार करने के लिए पुलिस अधिनियम के दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया गया है। पीयूष ने बताया कि राज्य मानवाधिकार आयोग से इस विषय पर वार्ता हुई है वह राज्य मानवाधिकार आयोग जल्द इस विषय की जांच डीआईजी कुमाऊं या डीजीपी उत्तराखंड पुलिस को सौंपेंगे।

# दो पक्षों के बीच मारपीट में कई लोग चोटिल

किच्छा (उद संवाददाता)। लालपुर चौकी के अंतर्गत कुत्ते को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गयी जिसमें कई लोग चोटिल हो गए। कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि में गिरीश पांडे एवं मोहम्मद सलीम के बीच कुत्ते को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था जिसके बाद मोहम्मद सलीम और उसके साथियों द्वारा गिरीश के घर पर जाकर मारपीट करते हुए दरवाजा तोड़े जाने तथा घर में मौजूद लोगों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया जबकि मोहम्मद सलीम का आरोप है कि गिरीश पांडे के पालतू कुत्ते ने उनके पारिवारिक सदस्य को काटा था जिसकी सूचना देने वह उसके घर गया था।

# अभिषेक और राशि बुढलाकोटी ने बढ़ाया जेसीज का मान

## लोक सेवा आयोग की परीक्षा में मिली शानदार सफलता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोक सेवा आयोग की परीक्षा में जेसीज के पूर्व छात्र अभिषेक ठाकुर और राशि बुढलाकोटी ने शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। सत्र 2016 के विज्ञान वर्ग के छात्र अभिषेक ठाकुर और सत्र 2013 के वाणिज्य वर्ग को छात्रा राशि बुढलाकोटि ने लोक सेवा आयोग 2024 द्वारा आयोजित परीक्षा शानदार अंकों से साथ उत्तीर्ण की। अभिषेक ठाकुर को सहायक आयुक्त, राज्य कर (जीएसटी) के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वह सैमसंग आर एंड डी, बैंगलोर में वरिष्ठ सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे और उन्होंने नौकरी के साथ-साथ परीक्षा की तैयारी की। राशि बुढलाकोटी को उप



शिक्षा अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र ऑनर्स में स्नातक और लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है। विद्यालय में भी उन्होंने शिक्षा के साथ साथ अनेक प्रतियोगिताओं में विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर, निदेशक सुधांशु पंत, प्रधानाचार्य परवेश मेहरा, अनुभाग प्रमुखों, समस्त शिक्षकों और कर्मचारियों ने अभिषेक और राशि को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सुरजीत सिंह ग्रोवर ने अभिषेक और राशि को उनकी उपलब्धियों पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां में जेसीज पब्लिक स्कूल में प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन को दर्शाती हैं।

# सुशील गावा ने पल्लवी ठुकराल का किया स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी, पल्लविका नर्सरी के स्वामी किशन लाल ठुकराल की सुपुत्री पल्लवी ठुकराल के उत्तराखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा उत्तीर्ण करने पर नगर के प्रमुख समाजसेवी सुशील गाबा ने रामलला विराजमान का सुंदर चित्र भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री गाबा अपने मित्र विकास ठुकराल तथा हरमीत सिंह रंधावा हैप्पी के साथ पल्लवी ठुकराल के निवास ग्राम महाराजपुर पहुंचे, जहां पर उन्होंने उनके पिता कृष्ण लाल ठुकराल पप्पू, माता कविता ठुकराल एवं पल्लवी ठुकराल को बधाई दी। समाजसेवी श्री गाबा ने पल्लवी ठुकराल को रामलला विराजमान जी का चित्र भेंट करते हुए उनसे आशा जताई कि कि वह सब



रजिस्ट्रार के दायित्व को पूरी निष्ठा लगन एवं ईमानदारी से निभाते हुए संपूर्ण उत्तराखंड की सेवा करते हुए सफलता के नये सोपान पर पहुंचेंगी। श्री गाबा ने कहा कि आज जिस प्रकार पल्लवी ठुकराल ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में कामयाबी हासिल की है, उससे पूरे क्षेत्र एवं पूरे समाज को एक नई रोशनी दिखाई पड़ी है। लंबे समय के बाद ग्राम महाराजपुर से एक नौजवान बालिका ने इस महत्वपूर्ण परीक्षा को पास कर एक ऐसी रोशनी बिखेर दी है, जिससे बहुत से बच्चों को यह प्रेरणा मिलेगी कि उच्च पदों पर हम भी आसीन हो सकते हैं। पल्लवी की इस कामयाबी के लिए उनकी मेहनत, लगन के साथ ही परिवार के दिशा निर्देशन को भी प्रेरणादायक बताया।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने निपुण गगनेजा के निधन पर जताया शोक

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा समाजसेवी निपुण गगनेजा के निधन का समाचार सुनकर शोक व्यक्त करने के लिए उनके निवास पर भी गये और परिवार को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बता दें राष्ट्रीय योगी सेना से जुड़े निपुण गगनेजा का बीते दिनों लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया



था। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के गदरपुर पहुंचने पर कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह ने निपुण के आकस्मिक निधन की सूचना जैसे ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को दी तो प्रदेश अध्यक्ष ने बिना देरी किए निपुण के निवास स्थान पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कबड्डी प्रतियोगिता का नरेश हुड़िया ने किया शुभारंभ

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुडिया ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के 119 वें जन्मदिवस पर गदरपुर-कुल्हा स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस कबड्डी खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामय उपस्थिति में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने रिबन काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करके देशभक्ति का जज्बा प्रकट किया। प्रोग्राम किया। इस कबड्डी खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में कोच -संदीप मैनी, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री गोल्डी सूरी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह चीमा, भाजपा धर्म संस्कृति सदस्य पंडित राजू शर्मा, हरलोक सिंह नामधारी, योगेश पानू, रवि शाह, युवा समाजसेवी शम्मी बत्रा, एस सी मोर्चा प्रदेश महामंत्री राकेश सिंह, संचालन कर्ता धर्म सिंह, अमित दहुजा, दिलशाद खान, इन्द्र सिंह एवं काफी संख्या में सम्मानित जनप्रतिनिधि व मातृशक्ति उपस्थित रहे।





# महासभा के बैनर तले आयोजित होगी रामलीला

काशीपुर (उद संवाददाता)। पर्वतीय शैली में मंचित होने वाली रामलीला इस बार देवभूमि पर्वतीय महासभा के बैनर तले आयोजित की जायेगी। बीते रोज चामुंडा मंदिर के निकट स्थित एक रेस्तरां में समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के धर्मप्रेमी लोगों ने इकट्ठे होकर ध्वनिमत से श्री रामलीला मंचन-2024 के आयोजन के लिए सहयोग व स्वीकृति दी। बैठक में पूर्व पदाधिकारियों को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया। रामलीला मंचन-2024 के अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक वी.डी. कंडवाल, मुख्य संयोजक पद के लिए राजेंद्र बिष्ट, सहसंयोजक के पद के लिए मनोज पंत व पुष्कर बिष्ट इसके अलावा रामलीला के निर्देशक पद के लिए नीरज पंत का नाम ध्वनिमत से पारित हुआ। सभा में निर्णय लिया गया कि हर बार की तरह इसलिए बार भी रामलीला देवभूमि पर्वतीय महासभा काशीपुर के बैनर के माध्यम से ही कराई जाएगी।

# लाखों के चोरी के मोबाइलों सहित एक गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने लाखों रुपए के चोरी के 17 मोबाइलों के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पिछले कई दिनों से रामनगर में मोबाइल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही थी इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीमों को सक्रिय करने के साथ मुखबिर तंत्र को मजबूत किया गया था। उन्होंने बताया कि पीरुमदारा चौकी इंचार्ज राजेश जोशी द्वारा अपने



क्षेत्र में गश्त के दौरान ग्राम चोरपानी निवासी पदमा दत्त भट्ट को गिरफ्तार करते हुए तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चोरी किए गए 17 मोबाइल फोन बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि बरामद किए गए मोबाइल फोन की कीमत लाखों रुपए है। साथ ही कोतवाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

# संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को जन कल्याण सेवा के लिए किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में कार्यरत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को समाज कल्याणार्थ विवांता होटल, द्वारका, दिल्ली में आयोजित सी. एस. आर. शिखर सम्मेलन के 11वें संस्करण के पुरस्कार समारोह में यू.बी.एस. फोरम द्वारा वर्ष के सबसे प्रभावशाली एन. जी. ओ. के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित अर्वाड को प्राप्त करने हेतु संत निरंकारी मण्डल के सचिव परम् जोगिन्दर सुखीजा उपस्थित हुए जिन्होंने इस गौरवशाली सम्मान को प्राप्त करते हुए कहा कि संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन को प्राप्त हुए इस प्रकार के अनेक विशेष पुरस्कार, विभिन्न सामाजिक और धर्मार्थ प्रयासों में किए जा रहे उसके प्रभावशाली कार्यों को उजागर करते हैं जो सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी की अनमोल एवं प्रेरणादायक शिक्षाओं का ही सुंदर परिणाम है। निसंदेह यह क्षण हम सभी के लिए एक गौरवमयी पल है। बता दें सन् 2010 में स्थापित संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन समाज के हर क्षेत्र में अपनी कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित कर अपनी सकारात्मक भूमिका निभा रहा है जिनमें स्वास्थ्य क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न चौरिटेबल अस्पताल, डिस्पेंसरी, फिजियोथेरेपी, दंत चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा केन्द्र, डायग्नोस्टिक लैब इत्यादि सेवाएं उपलब्ध करवायी गयी है जिनसे अभी तक लाखों की संख्या में लोग सुविधाएं प्राप्त कर चुके है। इन्हीं सेवाओं के अंतर्गत संत निरंकारी हेल्थ सिटी प्रोजेक्ट के निर्माण का कार्य प्रगति पर है जो मानवता एवं एकत्व के सुंदर भाव पर समर्पित है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एस. एन. सी. एफ. के स्वयंसेवकों द्वारा एक इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से मिशन द्वारा किए गए विभिन्न प्रभावशाली कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया।




# राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता सम्पन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा कठगोदम का राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता कार्यक्रम सेंट थेरेसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ स्कूल प्राचार्या डॉसिस्टर स्मिता , परिषद प्रांतीय संगठन सचिव डॉ विनय खुल्लर अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी सचिव नीलम शर्मा ने दीपप्रज्वलन करके किया। प्रतियोगिता के जज डॉ गुंजन जोशी एव डॉ विनीता पाण्डे थी। कार्यक्रम में विवेकानंद विद्या मंदिर, खालसा गर्ल्स कॉलेज, इन्सपिरेशन सी से स्कूल, निर्मला कॉन्वेंट स्कूल, श्री सनातन धर्म संस्कृत विद्यालय, सेंट पोल्स स्कूल, नेनी वैली सी से स्कूल, जिम कोर्बेट स्कूल आदि 11 विद्यालयों ने भाग लिया |संचालन मीरा अग्रवाल एव गरिमा सिंघलने किया प्रतियोगिता में प्रथम जे.डी.एम.पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान इन्सपैरेशन सी से स्कूल एव तृतीय स्थान नेनी वैली स्कूल का रहा कार्यक्रम में अध्यक्ष दीपक अलका माहेश्वरी, सचिव नीलम शर्मा, कोषाध्यक्ष हितेंद्र उप्रेती, ममता खुल्लर, महिला संयोजिका गरिमा सिंघल, दीपक बिस्ट, राजीव रावत, आलोक अरुणा सक्सेनारश्मिजैन, रेणुका गर्ग, जितेंद्र वंदना देरौलिया, सुशील मित्तल, सीमा खंडूजा आदि उपस्थित थे।



# घर के बाहर खड़ी बाइक उड़ाई

हल्द्वानी( उद संवाददाता) |चोरों ने बिठौरिया क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी बाइक चुरा ली। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। टांगा बांगापानी मुनस्यारी हाल निवासी घोड़ाखाल कालोनी लालडांठ निवासी गोकुल सी जेठा पुत्र भगत सिंह जेठा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि कि उसने अपनी बाइक 10 अगस्त की रात को अपने दोस्त के घर के बाहर खड़ी की थी।

# विधायक राणा ने बच्चों को मेडल देकर किया सम्मानित

नानकमत्ता(उद संवाददाता) |क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह राणा ने विभिन्न खेलों में मेडल जीतने वाले न्यू लाइट स्कूल के छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। न्यू लाइट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अलग-अलग खेलों में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को विधायक गोपाल सिंह राणा द्वारा कराटे खिलाड़ी अनुष्का राणा, हरमंनदीप कौर, गुरप्रीत कौर, गुरबख्श सिंह,मेडल,विक्रम नेगी, प्रभजोत सिंह को सम्मानित किया। इस दौरान विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि बच्चों में खेलने की प्रतिभा को आगे बढ़ने का काम जरुरी है, खेलों में प्रतिभा करने वाले छात्रों उत्साह वरदान करने के लिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी है स्कूल प्रबंधक मलूक सिंह खिंडा ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके द्वारा खेल प्रतियोगिता में मेडल जीतने पर हर्ष जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलजीत कौर,शिक्षक किशन सिंह चौहान सतनाम सिंह,चंचल सिंह, प्रकाश कुमार, कुलवंत सिंह,कुलदीप कटवाल नरेश राणा, विवेक राणा उपस्थित रहे।



# युवा संसद का आयोजन 31 अगस्त को

बाजपुर(उद संवाददता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में युवा संसद का आयोजन 31 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे होगा। युवा संसद के नोडल अधिकारी डॉ. खेमकरण सोमन ने बताया कि छात्र- छात्राओं में संसदीय कार्य की व्यावहारिक समझ एवं संवेदना विकसित करने के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के दिशानिर्देशन में महाविद्यालय स्तर पर युवा संसद के फोर्थ एडिशन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाजपुर क्षेत्र के उपजिलाधिकारी श्री राकेश चंद्र तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत पीसीएस अधिकारी एवं चीनी मिल बाजपुर के प्रधान प्रबंधक श्री हरवीर सिंह और सामाजिक चिंतक व शिक्षाविद श्री नरेंद्र खत्री जी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.केके पांडेय जी और धन्यवाद ज्ञापन समाजशास्त्र के प्रोफेसर और चिंतक डॉ. अनिल कुमार सैनी जी करेंगे। डॉ.खेमकरण सोमन ने बताया कि युवा संसद के चतुर्थ एडिशन के लिए 52 छात्र–छात्राओं को लेकर प्रतिदिन एक घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ है, जिसमें छात्र–छात्राएँ लोकसभा स्पीकर, सदन के नेता, नेता प्रतिपक्ष, गृह मंत्री, रेल मंत्री, शिक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, न्याय एवं विधि मंत्री, श्रम एवं रोजगार मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, पर्यावरण, जल और जलवायु परिवर्तन मंत्री, वित्त मंत्री, सेक्रेटरी जनरल, पत्रकार और अर्दली सहित विभिन्न क्षेत्रों के युवा सांसद के रूप में पक्ष और विपक्ष की भूमिका का निर्वहन और संवाद करते हुए दिखेंगे।



# ग्राम पंचायत जुडका में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद ऊधम सिंह नगर में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पी एम जनमन) के तहत विकासखंड खटीमा के ग्राम पंचायत जुडका में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।शिविर आयोजन के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 50 लोगों का एन.सी.डी स्क्रीनिंग किया गया 10 लाभार्थियों का टीकाकरण तथा दवाईयां वितरित की गई साथ ही शिविर में कृषि विभाग द्वारा फसलों से संबंधित तथा फसलों में होने वाली बीमारियों के लक्षण तथा कारण आदि पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। उक्त शिविर में ग्राम प्रधान जुडका, सहायक समाज कल्याण अधिकारी काशीपुर, ग्राम विकास अधिकारी जुडका तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जुडका, कृषि अधिकारी व कृषि विकास अधिकारी, तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।





# बेस अस्पताल में डाक्टर और चिकित्सा स्टाफ से अभद्रता

हल्द्वानी( उद संवाददाता) |बेस चिकित्सालय के आपातकालीन कक्ष में ड्यूटी के दौरान शराब के नश्से में धुत एक युवक ने गाली गलौज और अभद्रता कर दी। डा. ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। डॉ. बृजेश सिंह रावत ईएमओ बेस चिकित्सालय ने कोतवाली हल्द्वानी में शिकायत दर्ज कराई है कि 29 अगस्त की रात शराब के नशे में एक व्यक्ति ने सरकारी कार्य में बाधा डाली और सरकारी सामान को नुकसान पहुँचाया। डॉ. रावत ने आरोप लगाया कि कमल भण्डारी पुत्र गणेश भण्डारी विद्या पुष्प एकेडमी, बरेली रोड, हल्द्वानी) के साथ आए दीपक यादव ने आपातकालीन कक्ष में शराब पीकर सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। दीपक यादव और उनके साथियों ने चिकित्सालय के स्टाफ के साथ गाली–गलौच की और सरकारी सामान, विशेष रूप से ह्वील चेयर को क्षतिग्रस्त कर दिया। डाक्टर ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मुरादाबाद के युवक पर सितारगंज में छात्राओं को छेड़ने का केस दर्ज

सितारगंज(उद संवाददाता) |नगर क्षेत्र में दो छात्रों का पीछा करने वाले आरोपी को पीड़िता ने बाजार में पहचान लिया। आरोपी नाबालिक दोनों सगी बहनों को रास्ते में छेड़खानी करता था। पुलिस ने मुरादाबाद निवासी आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। नगर क्षेत्र के एक वार्ड में रहने वाली दो बालिकाएं आपस में सगी बहनें है। दोनों बहनें जब स्कूल जाती थी, तब मुरादाबाद निवासी युवक उनके रास्ते में पीछा करता और उनके साथ छेड़खानी करता था। आरोपी युवक की करतूत के कारण छात्राएं मानसिक दबाव में रहने लगी। आए दिन छात्राओं के साथ होने वाले दुव्यवहार से उनकी शिक्षा पर भी विपरीत असर पड़ रहा था। 29 अगस्त को छात्राओं ने आरोपी युवक को पहचान लिया। जिसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुरादाबाद निवासी विपिन कुमार के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर लिया। उप निरीक्षक सोनिका जोशी ने बताया कि आरोपी पर जल्द ही आवश्यक कारवाई की जाएगी।



## पेज एक का शेष...

**कल्याणी नदी में डूबे..**को दी गई। जगदीश को नदी से निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम को भी बुला लिया गया। काफी देर तक खोजबीन चलाये गये अभियान चलाने के बाद भी जब जगदीश का कोई पता नहीं चला तो टीम ने अंधेरा होने पर अभियान रोककर सुबह फिर से अभियान चलाने की बात कही। एसडीआर एफ की टीम आर प्रात: ही मौके पर आ पहुंची और उसने नदी में डूबे जगदीश की तलाश शुरू कर दी और निराश होकर लौट गई। जगदीश की खोजबीन करते जब लोग नदी किनारे होते हुए गली नम्बर छह छठ घाट के पास पहुंचे तो उन्हें जगदीश का शव कीचड़ में फंसा दिखाई दिया। लोगों ने शव को नदी से बाहर निकाल कर मामले की जानकारी मृतक जगदीश के परिजनों व पुलिस को दी। आखिरकार 20 घंटे के बाद प्रात: करीब 11 बजे लोगों ने कल्याणी नदी से जगदीश के शव को खोज निकाला। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर दौड़े आये और उनमें कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी ललित बिष्ट सहित कई लोग भी वहां आ गये। उन्होंने घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया।

**साईबर ठगों ने ..**.अपनी अकाउंट से किए। इसके बाद, उन्हें एक नए टेलीग्राम नंबर पर संपर्क करने के लिए कहा गया, जहां उन्हें टैक्स के रूप में 4,47,100 रुपये जमा करने को कहा गया। जब गोयल ने इस पर संदेह जताया और आगे कोई राशि जमा नहीं की, तो उन्हें और भी बड़ी राशि का भुगतान करने की मांग की गई, जिसके लिए 4,94,100 रुपये की डिमांड की गई।जिसके बाद उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर पुलिस से रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

**केवीआर हास्पिटल में ...** बांके गोयनका, केवीआर हॉस्पिटल के डायरेक्टर विजय सोलंकी, डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. आरके सर्राफ के अलावा डॉ. तरुण सोलंकी, डॉ. अभिषेक सर्राफ, डॉ. कुशाल अग्रवाल, डॉ. रिची सोलंकी, डॉ. कनिका अग्रवाल सर्राफ, डॉ. नयना अग्रवाल, डॉ. शुभम अग्रवाल, डॉ. अशवत वेंकटरमन, डॉ. बलवंत सिंह, डॉ. सद्दाम हुसैन, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. रोहिणी सोनी, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. चेतन रेड्डी, डॉ. नधीर केएम, डॉ. मीनल अग्रवाल, डॉ. भारत भूषण, अनुराग सोलंकी, शौर्य सोलंकी, मोहित वोहरा, सोम प्रताप सिंह, नितिन अग्रवाल, मयंक अग्रवाल व काशीपुर के गणमान्य व्यक्तियों के अलावा बड़ी तादाद में जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

**कम्पनियों के कूकर..**प्रतिष्ठान में हॉकिन्स, युनाईटेड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी के कूकर पर 45 प्रतिशत तक की भारी छूट प्रदान की जा रही है। जो कम्पनियों से भी कम रेटों पर है। श्री अरोरा ने बताया कि इसके अतिरिक्त बोरोसिल, मिल्टन सहित कई प्रतिष्ठित कम्पनियों की बोटल्स, कप प्लेट सहित अन्य क्राकरी के सामान पर भारी छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि हर प्रकार की खरीददारी पर भारी छूट पाने के लिए आगामी 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक उनके प्रतिष्ठान गोल्डन एजेन्सी में आकर इसका लाभ उठायें।( Advt.)

**पीड़ित परिवार..**ने हाथ बढ़ाये हैं। पीड़ित परिवार की स्थिति को देखते हुए समाजसेवी ललित बिष्ट ने मृतक के दाह संस्कार का पूरा खर्च खुद उठाया। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मृतक की पुत्री दुर्गा की शादी का पूरा खर्च उठाने की बात कही। ठुकराल ने मृतक की पत्नी मुन्नी देवी को ढांढस बंधाते हुए कहा कि परिवार की हरसंभव मदद की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार से भी आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

**लाखों की स्मैक...**तोलने पर पन्नी सहित कुल 35.34 ग्राम स्मैक पायी गई। जिसकी कीमत लाखों रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर आकाश पाल को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246617

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# तो पत्रकारों के प्रति अब बदलेगा , रुद्रपुर कोतवाल का रवैया?

## सकारात्मक प्रचार प्रसार लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का सहारा लेने का एडीजी कानून व्यवस्था का निर्देश, मुख्यालय के मशवरे के बाद क्या पत्रकारों के प्रति भी बदलेगा कोतवाली पुलिस का व्यवहार ?

-अर्श-

रुद्रपुर। सूबे के एडीजी कानून व्यवस्था एपी अंशुमान द्वारा बीते रोज सोशल मीडिया सेल के कार्यों की राज्यव्यापी समीक्षा के दौरान, जनजागरूकता और सकारात्मक प्रचार- प्रसार के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का सहारा लेने संबंधी निर्देश पुलिस विभाग को दिए जाने के उपरांत, एक अहम सवाल अब यह उठ खड़ा हुआ है कि क्या प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों के साथ आए दिन दुर्व्यवहार के आदि रुद्रपुर कोतवाल, एडीजी कानून व्यवस्था के निर्देश के सम्मान में स्थानीय मीडिया कर्मियों के प्रति अपना असहयोगात्मक रवैया बदलेंगे ? इस क्रम में याद दिलाना चाहेंगे कि रुद्रपुर कोतवाल एवं उनके मातहत, नगर की कानून व्यवस्था को चुस्त -दुरुस्त रखने की बजाय, स्थानीय मीडिया कर्मियों को अजब- गजब पुलिसिया नियम- कानून का पाठ पढ़ने एवं मीडिया कर्मियों के साथ बदसलूकी करने में कुछ ज्यादा ही सक्रियता दिखाते रहे हैं, मगर अब राज्य के एडीजी कानून व्यवस्था द्वारा पुलिस को प्रदेश के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को चिन्हित करने एवं उनके साथ गोष्टी करने के मशवरे के बाद एक क्षीण-सी संभावना बनी है ,कि शायद पुलिस का व्यवहार स्थानीय मीडिया कर्मियों के प्रति भी कुछ परिवर्तित हो। वह इसलिए ,क्योंकि स्थानीय मीडिया संस्थान पुलिस प्रशासन की बात को जन सामान्य तक पहुंचाने एवं हर प्रकार की जन जागरूकता फैलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान सदैव ही देते रहे हैं और भविष्य में भी पुलिस प्रशासन का जन सामान्य तक अपनी बात पहुंचाने का काम, स्थानीय मीडिया के सहयोग के बिना लक्ष्य तक पहुंच पाना लगभग



मुश्किल ही है। बताना होगा कि गुजरे मंगलवार को उत्तराखंड के एडीजी कानून व्यवस्था एपी अंशुमान सभी जिलों की सोशल मीडिया सेल के कामों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को चिह्नित कर उनके साथ गोष्ठी करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सोशल मीडिया की निगरानी पुलिस मुख्यालय की एसओपी के अनुरूप कराने के निर्देश भी दिए।इस दौरान उन्होंने जोर देकर कहा कि जनजागरूकता और सकारात्मक प्रचार-प्रसार के लिए पुलिस को अब सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का भी सहारा लेना चाहिए। इस दौरान एडीजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित निगरानी के दौरान भ्रामक पोस्ट पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा सोशल मीडिया सेल के कार्यों की नियमित रूप से डीएसपी ऑपरेशन निगरानी करें। उन्होंने पुलिस कप्तानों को भी निर्देश दिए कि वह समय से सेल की जनशक्ति और उनके कार्यों का मूल्यांकन कर समीक्षा रिपोर्ट रेंज कार्यालय को भेज दें। ताकि, अगर इसमें सुधार आदि की जो गुंजाइश हो तो उस पर समय से कदम उठाया जा सके एजी कानून व्यवस्था ने अपने निर्देश में यह भी कहा कि कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाली पोस्ट का तत्काल खंडन कराया जाए तथा ऐसी पोस्ट को हटाने और कार्रवाई के लिए शासन स्तर पर नामित नोडल डीआईजी कानून व्यवस्था को पत्र लिखा जाए।उन्होंने पुलिसकर्मियों को भी सोशल मीडिया की पॉलिसी याद दिलाने के निर्देश देते हुए कहा की उन्हें पूर्व में जारी निर्देशों का अनुपालन कराने को कहा जाए ।कोई पुलिसकर्मी इस पॉलिसी का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा एडीजी ने पुलिस मुख्यालय स्थित अपराध एवं कानून व्यवस्था से संबंधित सभी अनुभागों के कार्यों की भी समीक्षा की तथा अनुभाग अधिकारियों को समय से सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

# महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय बना राजनीति का अखाड़ा

## अध्यक्ष पद के एक दावेदार द्वारा कॉलेज में वाटर कूलर लगाने को लेकर हंगामा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में चुनाव की तिथि आने से पूर्व ही कॉलेज की राजनीति गरमा गई है, कॉलेज में वाटर कूलर लगाने को लेकर दो गुट आमने-सामने भीड़ गए। एक गुट ने कॉलेज प्रबंधन पर कॉलेज में वाटर कूलर लगाने की अनुमति को लेकर भेदभाव का आरोप लगाया। कॉलेज में हंगामे के चलते मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल मामला शांत कराया।

महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में चुनाव की तिथि घोषणा होने से पहले ही आज दो गुट आमने- सामने तब आ गए जब एक गुट के अध्यक्ष पद के दावेदार ने कॉलेज में पानी पीने के लिए वाटर कूलर लगवा दिया, इसके विरोध में दूसरे गुट के अध्यक्ष पद के दावेदार ने कालेज प्रबंधन के समक्ष आपत्ति जताते हुए अपना विरोध जताते हुए हंगामा काट दिया, इसी दौरान अध्यक्ष पद के दोनों दावेदार और उनके समर्थक आमने-सामने आ गए। हंगामे की सूचना मिलने पर थाने से एस आई संजय कुमार भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस व प्रधानाचार्य अंजली दुर्गापाल के सामने भी अध्यक्ष पद के दावेदार उमेश आर्य और सजित सिंह के समर्थकों में आपस में कहां सुनी हो गई, कॉलेज प्रबंधन द्वारा छात्रों को समझाने के बावजूद भी छात्र काफी देर तक हंगामा करते रहे। अध्यक्ष पद के दावेदार संजीत सिंह का आरोप था कि उन्होंने कालेज प्रबंधन से वाटर कूलर लगाने की अनुमति मांगी थी लेकिन कॉलेज प्रबंधन ने भेदभाव रुपया अपनाते हुए दूसरे गुट को वाटर कूलर लगाने की अनुमति दे दी, जिससे कॉलेज का चुनाव प्रभावित हो सकता है, हंगामा के दौरान अनुराग कुमार, सुजल यादव, संदीप सिंह, अतुल राना, सुहानी राना नीरज पोखरिया, मनिंदर सिंह, दीप चंद्र भट्ट, काजल राणा आदि छात्र शामिल थे। **पिछले चुनाव में प्रत्याशी ने हार के बाद वापस ले लिया था**

**वाटर कूलर :** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में पिछले बार हुए प्रथम चुनाव में अध्यक्ष पद के एक दावेदार ने वाटर कूलर लगवाया था, लेकिन चुनाव में हार मिलने के बाद कॉलेज परिसर में लगे वाटर कूलर को चुनाव में हारने के बाद हटा दिया गया, जबकि कॉलेज प्रावधान ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की, कॉलेज को दान के स्वरूप मिले वाटर कूलर को अपनी मर्जी से ले जाने से छात्रों में खासा रोष था।







# तस्लीम जहां हत्याकांड की सीबीआई जांच कराये सरकार : माहरा

गदरपुर (उद संवाददाता)नर्स तस्लीम जहां हत्याकांड में उत्तराखंड के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा बृहस्पतिवार को पीड़ित परिवार के घर इस्लाम नगर गदरपुर पहुंचे और ढांढस बंधाया। उन्होंने निपुण गगनेजा के निधन पर भी दुख जताते हुए परिवार से मुलाकात की। इससे पूर्व झगड़पुरी में स्थित संजीव छाबड़ा के प्रतिष्ठान पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने बताया नर्स हत्याकांड मामले को लेकर पूरे प्रदेश भर की कांग्रेस न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर है लेकिन सरकार खामोश है । प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि पीड़ित परिवार भी हुए





फर्जी खुलासे से संतुष्ट नहीं है और लगातार सीबीआई जांच की मांग कर रहा है। करन माहरा ने कहा कि अगर सीबीआई जांच हो जाती है तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा माहरा ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार का सिर्फ नारा रह गया है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जबकि बेटियों के साथ आए दिन बलात्कार जैसी घटनाएं सामने आ रहे हैं जिस पर सरकार खामोश है अभी अंकिता भंडारी के मामले में भी इंसाफ नहीं मिला है, उधम सिंह नगर की पुलिस भी बेलगाम हो गई है जिले में आए दिन आपराधिक घटनाएं और बलात्कार जैसे मामले सामने आ रहे हैं और तस्लीम जहां हत्याकांड में भी इतने दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। राजेंद्र पाल सिंह राजू ने कहा कि तस्लीम जहां के परिजनों के साथ खड़े हैं और उन्हें न्याय दिला कर ही रहेंगे। इस दौरान संजीव अरोरा,शराफत अली मंसूरी, संजीव छाबड़ा, गुरविंदर सिंह,अजय गाबा,शैलेंद्र शर्मा,सत्यजीत सिंह गुलाटी, शिवम पपनेजा, मोहम्मद शफीक उर्फ भूरा,दिलशाद, फुरकान अली, नासिर, इदरीस, अमरजीत सिंह विर्क, मिकी भगत आदि मौजूद रहे।